"NAMO NARAYAN"

# M. K. Exim (India) Limited

CIN No.L63040RJ1992PLC007111
**Regd. Office** : G1/150, Garment Zone, E.P.I.P. Sitapura,Tonk Road, Jaipur-302022
Tel : +91-141-3937500/501 Fax : +91-141-3937502 Website : www.mkexim.com
E-mail : mkexim@gmail.com, mkexim123@gmail.com, info@mkexim.com

**Date: 15.04.2026**

To
**BSE Limited**
Phiroze Jeejeebhoy Towers,
Dalal Street,
Mumbai – 400 001

**Ref: M.K. Exim (India) Ltd. SCRIP Code: 538890**

**Sub: Newspaper advertisement regarding Re-launch of Second 100 Days Campaign - "Saksham Niveshak"**

Dear Sir/Madam,

Pursuant to Regulation 47 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed copies of newspaper advertisement informing about the re-launch of Second 100 Days Campaign - "Saksham Niveshak" starting from April 1, 2026 to July 9, 2026, in accordance with IEPFA, letter dated March 27, 2026, as published in Financial Express (English) and Business Remedies (Hindi) on April 15, 2026.

This is for your information and records.

Thanking You,

Yours sincerely,
**For M.K. Exim (India) Limited**

BHAVNA GIAMALANI
Digitally signed by BHAVNA GIAMALANI
Date: 2026.04.15 16:59:07 +05'30'

**Bhavna Giamalani**
**Company Secretary and Compliance Officer**

Encl: as above

# अमेज़न डॉट इन ने शानदार ऑफर्स के साथ समर हॉलिडे सीज़न की शुरुआत की

**बेंगलुरू | बिज़नेस रेमेडीज**

समर हॉलिडे के शुरू होते ही अमेजन डॉट इन ने दो क्यूरेटेड स्टोरफ्रंट– किड्स समर स्लैम और समर टॉयज़ लिस्ट–लॉन्च किए हैं। इस सीज़न के सबसे पसंदीदा खिलौनों और प्ले एसेंशियल्स जैसे रिमोट कंट्रोल कार, हॉट व्हील्स, स्विमिंग पूल, क्रिकेट किट, किड्स साइकिल, स्कूटर आदि पर 50 प्रतिशत तक की छूट मिल रही है, जिसकी शुरुआती कीमत 199 रुपये है। एडिडास, स्पीडो, डीएससी, निविया और लाइफलोंग जैसे ब्रांड्स के प्रोडक्ट्स उपलब्ध हैं। ग्राहक अमेज़न पे आईसीआईसीआई क्रेडिट कार्ड से 5 प्रतिशत की बचत और एचडीएफसी, एचएसबीसी, यस बैंक, स्कैपिया, आरबीएल, डीबीएस और बैंक ऑफ बड़ौदा के कार्ड्स पर 7.5 प्रतिशत तक का इंस्टेंट डिस्काउंट पा सकते हैं।

शानदार डील्स के अलावा, अमेजन डॉट इन के एआई टूल्स टॉय शॉपिंग को बेहद आसान बना देते हैं। अगर आप सोच रहे हैं कि कोई इनफ्लेटेबल पूल आपके बालकनी में फिट होगा या नहीं, तो खरीदने से पहले 'व्यू इन योर रूम' फीचर से उसे वर्चुअली देख सकते हैं। किसी दोस्त के यहां कोई खिलौना पसंद आया? लेंस एआई से तुरंत वैसा ही प्रोडक्ट ढूंढें–ब्रांड नाम या सर्च टर्म की भी आवश्यकता नहीं। आठ साल के बच्चे के लिए सही क्रिकेट किट कौन सा है? रुफस से पूछें और तुरंत सही सुझाव पाएं। रिव्यू हाइलाइट्स हजारों रिव्यू में से जरूरी बातें जैसे ड्यूरेबिलिटी, सेफ्टी और प्ले वैल्यू को सामने लाता है, ताकि अभिभावकों को अंदाज़ा लगाने की जरूरत न पड़े। प्राइस हिस्ट्री से यह पता चलता है कि किसी प्रोडक्ट की कीमत समय के साथ कैसी रही है, ताकि जब कोई डील अच्छी लगे तो ग्राहक को यकीन हो कि वह सच में सही है।

**बच्चों के टॉय कार्स पर शानदार डील्स के साथ समर का मजा बढ़ाएं :**

**अपने बच्चे के 'नीड फॉर स्पीड' को पूरा करें :** शानदार हॉट व्हील्स® सेट्स चुनें, जैसे निऑन स्पीडर्स™ ट्रैक सेट (1,139 रुपये) जिसमें स्पिनिंग बिलबोर्ड और स्टंट लूप है, कलर शिफ्टर्स™ साइंस लैब (1,647 रुपये) जिसमें कलर-चेंजिंग मैजिक है और 5-कार (825 रुपये) जो रेसिंग के लिए परफेक्ट है। शार्क चॉम्प ट्रांसपोर्टर प्लेसेट (1,439 रुपये) जो कार्स को निगलकर लॉन्च करता है, या सिटी स्पीडी पिज़्ज़ा पिक-अप वाहन (719 रुपये), जो इमेजिनेटिव डिलीवरी एडवेंचर के लिए बेहतरीन है। सभी सेट्स हॉट व्हील्स ट्रैक्स के साथ कम्पैटिबल हैं, जिससे अनगिनत खेलने की संभावनाएं मिलती हैं। ऑफ-रोड के शौकीनों के लिए 4-व्हील ड्राइव वाला ड्रिफ्ट स्टंट कार सिर्फ 999 रुपये में रोमांचक अनुभव देता है।

इनफ्लेटेबल पूल और वॉटर प्ले गियर इस सीज़न की टॉप आउटडोर सर्च में शामिल हैं।

**स्विमिंग पूल :** छोटे स्प्लैश ज़ोन से लेकर बड़े फैमिली फन तक–लार्ज ट्रॉपिकल स्विम सेंटर (2,399 रुपये) अपने आकर्षक डिजाइन के साथ, मजबूत नॉन-इनफ्लेटेबल स्विमिंग पूल (699 रुपये), बीपीए-फ्री पीवीसी से बना 2 फीट किड्स पूल (299 रुपये), बड़ा किड प्ले बॉक्स पूल (634 रुपये) या मैनुअल पंप के साथ 3 फीट बेबी बाथटब (699 रुपये)–हर उम्र, जगह और बजट के लिए परफेक्ट विकल्प।

**बाथ और वॉटर टॉयज़ :** नवजात और छोटे बच्चों के लिए बनाए गए पोर्टेबल, लीक-प्रूफ वॉटर टर्टल बाथ टॉयज़ (199 रुपये) और सॉफ्ट, नॉन-टॉक्सिक बाथ टॉय सेट (359 रुपये) बच्चों को एंटरटेन रखने के साथ उनकी मोटर स्किल्स के विकास में भी मदद करते हैं–बाथ टाइम और उसके बाद भी सुरक्षित और मजेदार खेल।

**स्विमिंग गियर :** पूल के लिए तैयार हो जाएं स्पीडो यूनिसेक्स किड्स हाइड्रोपल्स स्मोक-लेंस गॉगल्स (1,329 रुपये) के साथ, जिसमें कुशन वाले सील्स, एडजस्टेबल स्ट्रैप्स और यूवी प्रोटेक्शन है, साथ ही स्ट्रेचेबल पॉली-स्पैन्डेक्स से बना बोल्डफिट स्विमिंग कॉस्ट्यूम (999 रुपये), जो जल्दी सूखने वाली आरामदायक फिटिंग देता है–यंग स्विमर्स के लिए प्रोफेशनल क्वालिटी गियर।

अप्रैल आउटडोर स्पोर्ट्स का समय है और इस स्टोरफ्रंट में सीज़न के सबसे ज्यादा सर्च किए जाने वाले स्पोर्ट्स और आउटडोर गियर उपलब्ध हैं :

**क्रिकेट गियर :** चाहे आप खेल की शुरुआत कर रहे हों या प्रोफेशनल हों, एसजी कश्मीर विलो क्रिकेट बैट (1,899 रुपये) चुनें, जिसमें मजबूत लेदर कंस्ट्रक्शन और सॉलिड कोर है, जिससे लगातार अच्छा बाउंस मिलता है; या पूरा एसजी माय फर्स्ट क्रिकेट किट (1,949 रुपये) जिसमें बैट, ग्लव्स, लेग गार्ड्स, स्टंप्स, बॉल और कैरी बैग शामिल हैं; या फिर व्हाइटडॉट स्पोर्ट्स प्रोटेक्टिव गियर क्रिकेट किट (5,819 रुपये) जिसमें हेलमेट, पैड्स, ग्लव्स और गार्ड्स हैं–युवा क्रिकेटर्स के लिए शुरुआत करने के लिए सब कुछ।

**फुटबॉल:** एडिडास फीफा वर्ल्ड कप 26™ लीग फुटबॉल (2,690 रुपये) के साथ फुटबॉल का जोश महसूस करें, जिसमें वर्ल्ड कप से प्रेरित डिजाइन और मजबूत बनावट है, जो ट्रेनिंग और प्रैक्टिस मैच के लिए उपयुक्त है।

**राइड-ऑन्स :** वेस्को किक प्रो 14 टी किड्स साइकिल (3,099 रुपये) के साथ आगे बढ़ें, जिसमें कार्बन स्टील फ्रेम और 3-5 साल के बच्चों के लिए एडजस्टेबल सीट है; या लाइफलोंग फोल्डेबल किड्स किक स्कूटर (1,199 रुपये) जिसकी वजन क्षमता 50 किलो है; या लाइफलोंग स्केटिंग शूज़ (2,399 रुपये) जिनमें एडजस्टेबल साइजिंग और स्मूथ पीयू व्हील्स हैं, जो स्थिरता और नियंत्रण देते हैं–हर सतह पर एक्टिव फन के लिए बेहतरीन विकल्प।

किड्स समर स्लैम और समर टॉयज़ लिस्ट इवेंट्स अमेजन डॉट इन पर 15 अप्रैल 2026 तक लाइव रहेंगे।

# अंबेडकर जयंती पर केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने पीएम मोदी के साथ बाबा साहेब को श्रद्धांजलि दी

**नई दिल्ली | बिज़नेस रेमेडीज**



भारत सरकार के कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयन्त चौधरी ने 135वीं अंबेडकर जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ संसद परिसर स्थित प्रेरणा स्थल पर डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने देश के महान संविधान निर्माता के योगदान को स्मरण करते हुए उनके विचारों को आज के भारत के लिए अत्यंत प्रासंगिक बताया।

इसके उपरांत भारत सरकार के कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री जयन्त चौधरी संसद भवन के सेंट्रल हॉल पहुंचे, जहां उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की गरिमामयी उपस्थिति में बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर उपस्थित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने भी बाबा साहेब के जीवन और उनके द्वारा स्थापित संवैधानिक मूल्यों को याद किया। जयन्त चौधरी ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर का जीवन सामाजिक न्याय, समानता और सशक्तिकरण की प्रेरणा देता है। उनके विचार आज भी देश के युवाओं को आगे बढ़ने की दिशा दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार बाबा साहेब के आदर्शों को आगे बढ़ाते हुए समावेशी विकास और कौशल सशक्तिकरण के माध्यम से एक सशक्त भारत के निर्माण के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

इसके उपरांत, यन्त चौधरी ने सांसद राजकुमार सांगवान और चंदन चौहान के साथ अपने आवास पर डॉ. अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

# '5 किलो एलपीजी सिलेंडरों की बिक्री 14.3 लाख तक पहुंची, पीएनजी कनेक्शन बढ़कर 4.4 लाख हुए'

**नई दिल्ली | एजेंसी**

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने मंगलवार को एक आधिकारिक बयान में कहा कि देश में घरेलू एलपीजी की सप्लाई पूरी तरह सामान्य बनी हुई है। देश भर में प्रवासी मजदूरों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले 5 किलो के 1.1 लाख से ज्यादा एलपीजी सिलेंडर बेचे गए, जिससे 23 मार्च के बाद इनकी कुल बिक्री बढ़कर 14.3 लाख हो गई है। फरवरी में ईरान युद्ध शुरू होने से पहले 5 किलो सिलेंडरों की रोजाना औसत बिक्री करीब 77,000 थी, जो अब बढ़कर लगभग 1.1 लाख प्रतिदिन हो गई है।

मंत्रालय के अनुसार, उद्योग जगत में ऑनलाइन एलपीजी बुकिंग का आंकड़ा बढ़कर 98 प्रतिशत तक पहुंच गया है। वहीं, उपभोक्ताओं के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर मिलने वाले ऑथेंटिकेशन कोड के जरिए डिलीवरी भी बढ़कर करीब 92 प्रतिशत हो गई है, जिससे डिस्ट्रीब्यूटर स्तर पर गड़बड़ी रोकने में मदद मिल रही है। मार्च 2026 से अब तक करीब 4.4 लाख पीएनजी कनेक्शन एक्टिव किए जा चुके हैं, और लगभग 4.88 लाख नए ग्राहकों ने कनेक्शन के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है। इसके अलावा, 33,000 से ज्यादा पीएनजी उपभोक्ताओं ने एमवाईपीएन-जीडी.इन वेबसाइट के जरिए अपने एलपीजी कनेक्शन सरेंडर कर दिए हैं। सोमवार को 19 किलो के कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की बिक्री भी 4.5 लाख से ज्यादा रही।

# इक्सिगो ट्रेन्स और कन्फर्म टिकट ने स्विगी के साथ मिलकर ट्रेन में खाना डिलीवर करने की सेवा शुरू की

**कोटा | बिज़नेस रेमेडीज**

इक्सिगो ट्रेन्स और कन्फर्म टिकट , भारत के प्रमुख एआई-आधारित ट्रेन टिकटिंग प्लेटफ़ॉर्म्स ने 'फूड ऑन ट्रेन' सेवा को बढ़ावा देने के लिए भारत के अग्रणी ऑन-डिमांड कनवीनिएंस प्लेटफ़ॉर्म यानी स्विगी (स्विगी लिमिटेड, एनएसईः स्विगी /बीएसईः 544285) के साथ साझेदारी की है। ixigo और कन्फर्म टिकट ऐप्स में स्विगी के रेस्टोरेंट नेटवर्क को शामिल करके, यह साझेदारी 'ऑन-द-मूव' यात्रियों को खाना पहुंचाने की सुविधा प्रदान करती है - जिसमें ग्राहकों को वही चयन, भरोसा और मूल्य मिलता है जो उन्हें अपने घरों से ऑर्डर करते समय स्विगी से मिलता है। इस साझेदारी के साथ, ट्रेन से सफ़र करने वाले लोग चुने हुए मेनू देख सकते हैं, भारत के 160 से ज़्यादा रेलवे स्टेशनों पर 40,000 से ज़्यादा भरोसेमंद रेस्टोरेंट पार्टनर से ताज़ा और हाइजीनिक खाना ऑर्डर कर सकते हैं। वे अपने ऑर्डर को रियल टाइम में ट्रैक भी कर सकते हैं और सीधे अपनी ट्रेन की सीट पर डिलीवरी पा सकते हैं। यात्री ट्रेन आने से 4 दिन पहले से लेकर 30 मिनट पहले तक भी खाना बुक कर सकते हैं। इसके अलावा, स्विगी ट्रेन में खाने के सभी ऑर्डर के लिए 'सुनिश्चित डिलीवरी या पूरा रिफ़ंड' का ऑफ़र भी दे रहा है।




इक्सिगो ट्रेन्स और कन्फर्म टिकट के सीओओ, श्रीपाद वैद्य ने इस साझेदारी पर कहा, कि हमारा फोकस हमेशा से ट्रेन यात्रा के अनुभव को हर लिहाज से सुगम और बेहतर बनाने पर रहा है। खाना उस अनुभव का एक अहम हिस्सा है। स्विगी के साथ साझेदारी करके, हम ट्रेन यात्रा की अपनी गहरी समझ को स्विगी के मज़बूत रेस्टोरेंट नेटवर्क और डिलीवरी विशेषज्ञता के साथ मिलाकर, अपने मौजूदा 'फूड ऑन ट्रेन' सेवा को और शानदार बना रहे हैं। यह साझेदारी हमें ज़्यादा विकल्प, भरोसा और पारदर्शिता देने में मदद करती है, साथ ही, यात्रियों की सीटों पर समय पर और हाइजीनिक भोजन की डिलीवरी भी सुनिश्चित करती है। दीपक मालू, उपाध्यक्ष, आहार योजना, ग्राहक अनुभव और नई पहल, स्विगी ने कहा, कि भारतीय रेलवे प्रतिदिन 18 मिलियन से ज़्यादा लंबी दूरी के, आरक्षित यात्रियों को उनके गंतव्यों तक पहुंचाती है, और भूख किसी प्लेटफॉर्म का इंतजार नहीं करती। इक्सिगो ट्रेन्स और कन्फर्म टिकट के साथ हमारी साझेदारी स्विगी के भरोसेमंद रेस्टोरेंट नेटवर्क को सीधे रेल यात्रा से जोड़ती है, जिसमें 160 से ज़्यादा स्टेशन शामिल हैं। लाखों यात्रियों के लिए, इसका मतलब है कि उन्हें वही क्वालिटी और सुविधा अब ट्रेन में खासकर लंबी यात्राओं के दौरान मिलती है, जिसकी वे घर पर उम्मीद करते है।

आईआरसीटीसी द्वारा ई-केटरिंग सेवा की शुरुआत किए जाने के बाद से, भारत में ट्रेन में खाना पहुंचाने का इकोसिस्टम तेज़ी से बढ़ा है। यह ट्रेन यात्राओं के दौरान सुविधाजनक फूड डिलीवरी की बढ़ती मांग को दिखाता है। यह साझेदारी ixigo की मौजूदा 'फूड ऑन ट्रेन' सेवा को और मज़बूत करती है, जिससे यात्री स्टेशनों पर ट्रेन रुकने पर अपनी सीटों पर खाना पाने के लिए पहले से ही ऑर्डर कर सकते हैं। स्विगी का नया कस्टमर डेटा के अनुसार, अब लोग ट्रेन में सिर्फ़ पेट भरने के लिए खाना खाने के बजाय, एक खास तरह के खाने के अनुभव को ज़्यादा पसंद कर रहे हैं। इससे कुछ खास ट्रेंड सामने आए हैं। 'हेरिटेज फ़्लेवर' यानी पारंपरिक स्वाद की मांग तेज़ी से बढ़ रही है- जहाँ एक ओर बिरयानी अभी भी ट्रेन के सफ़र में सबसे ज़्यादा पसंद की जाने वाली डिश है, वहीं दूसरी ओर अब लोग अलग-अलग जगहों के मशहूर खाने में भी ज़्यादा दिलचस्पी दिखा रहे हैं। यात्री अब अलग-अलग राज्यों से गुज़रते हुए, वहाँ के मशहूर और स्थानीय खाने, जैसे वड़ा पाव, अडाई, अप्पम और लिट्टी चोखा को ज़्यादा पसंद कर रहे हैं। इसके अलावा, एक दिल को छू लेने वाला ट्रेंड यह भी है कि अब लगभग 14 प्रतिशत ऑर्डर ऐसे लोग करते हैं जो खुद ट्रेन में सफ़र नहीं कर रहे होते। अपने घर पर आराम से बैठे हुए, यात्रियों के परिवार के लोग स्विगी पर यह सुनिश्चित करते हैं कि ट्रेन में सफ़र कर रहे उनके अपने प्रियजनों को, उनके अगले निर्धारित स्टॉप पर ताज़ा और गरमा-गरम खाना मिल सके।

# दिल्ली-बागपत-सहारनपुर-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर पश्चिम यूपी के लिए गेमचेंजर : सीएम योगी

**सहारनपुर | एजेंसी**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिल्ली-बागपत-सहारनपुर-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर को पश्चिमी उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था के लिए गेमचेंजर बताते हुए कहा कि अब सहारनपुर से दिल्लीव देहरादून की दूरी काफी कम समय में पूरी की जा सकेगी। सीएम ने कॉरिडोर के लोकार्पण को प्रदेश के विकास का ऐतिहासिक क्षण बताते हुए इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि यह कॉरिडोर न केवल आवागमन को सुगम बनाएगा, बल्कि सहारनपुर के वुडवर्क, मेरठ के स्पोर्ट्स गुड्स और क्षेत्रीय किसानों के उत्पादों को राष्ट्रीय राजधानी से होते हुए वैश्विक बाजारों तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएगा। यह परियोजना क्षेत्र में औद्योगिक विकास, निवेश और रोजगार के नए अवसर सृजित करते हुए 'डबल इंजन' सरकार की विकास दृष्टि को साकार करती है।

सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कर-कमलों से दिल्ली-बागपत-सहारनपुर-देहरादून कॉरिडोर का लोकार्पण होना प्रदेश के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने इस परियोजना से लाभान्वित होने वाले सभी जनपदवासियों को बधाई देते हुए पीएम मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया तथा केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी व एनएचएआई के अधिकारियों को भी धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस इकोनॉमिक कॉरिडोर के बन जाने से सहारनपुर से दिल्ली व देहरादून तक का सफर तेजी से पूरा किया जा सकेगा, जिससे क्षेत्र की कनेक्टिविटी और आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कॉरिडोर के माध्यम से सहारनपुर के वुडवर्क समेत शामली, मुजफ्फरनगर, मेरठ व बागपत में बनने वाले विभिन्न उत्पादों को नया प्रोत्साहन मिलेगा।

# मार्च 2022 से गोल्ड लोन पोर्टफोलियो में 3.8 गुना वृद्धि; यह भारत का दूसरा सबसे बड़ा रिटेल क्रेडिट उत्पाद बना

**मुंबई | बिज़नेस रेमेडीज**

गोल्ड लोन (सोने पर ऋण) तेजी से बढ़कर बैलेंस शेयर के मामले में भारत का दूसरा सबसे बड़ा रिटेल क्रेडिट उत्पाद बन गया है। ट्रांसयूनियन सिबिल की 'गोल्ड लोन लैंडस्केप रिपोर्ट' के अनुसार, मार्च 2022 से गोल्ड लोन बैलेंस में 3.8 गुना की बढ़ोतरी हुई है। दिसंबर 2025 तक भारत के कुल रिटेल क्रेडिट पोर्टफोलियो में इसकी हिस्सेदारी 5.9 प्रतिशत से बढ़कर 11.1 प्रतिशत हो गई। यह वृद्धि उधारकर्ताओं द्वारा इसे अधिक अपनाए जाने, लोन की बड़ी राशि, ऋणदाताओं की बढ़ती भागीदारी और बेहतर क्रेडिट हिस्ट्री वाले उपभोक्ताओं तथा महिला उधारकर्ताओं की बढ़ती संख्या को दर्शाती है।

रिपोर्ट के अनुसार, NBFCs (गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों) में इस क्षेत्र की वृद्धि विशेष रूप से मजबूत रही है, जिन्होंने गोल्ड लोन बैलेंस में अपनी हिस्सेदारी मार्च 2022 के 7 प्रतिशत से बढ़ाकर दिसंबर 2025 में 11 प्रतिशत कर ली है। इसी अवधि में सरकारी बैंकों (PSBs) की हिस्सेदारी 57 प्रतिशत से बढ़कर 62 प्रतिशत हो गई। प्रति खाता औसत गोल्ड लोन बैलेंस मार्च 2022 के 1.1 लाख से बढ़कर दिसंबर 2025 में 1.9 लाख हो गया है, जो इस क्षेत्र में बढ़ते कर्ज के पैमाने को रेखांकित करता है। 2022 की पहली तिमाही (Q1) के बाद से गोल्ड लोन वितरण की संख्या में 2.3 गुना की वृद्धि हुई है, जबकि इसी अवधि के दौरान लोन की कुल वैल्यू 5.1 गुना बढ़ गई है। औसत लोन राशि 2022 की पहली तिमाही के 90,000 से बढ़कर 2025 की चौथी तिमाही में 1.96 लाख हो गई है। यह दर्शाता है कि बाज़ार न केवल अपनी पहुँच बढ़ा रहा है, बल्कि अब इसमें बड़े लोन लेने की प्रवृत्ति भी बढ़ रही है।

**उधारकर्ताओं की बदलती प्रोफ़ाइल :** उधारकर्ताओं की प्रोफ़ाइल में भी बदलाव आ रहा है। गोल्ड लोन लेने वाले 'प्राइम' और उससे ऊपर के क्रेडिट स्कोर वाले ग्राहकों की हिस्सेदारी 2022 के 43 प्रतिशत से बढ़कर 2025 में लगभग 52 प्रतिशत हो गई है। वहीं, पहली बार लोन लेने वालों की भागीदारी 12 प्रतिशत से घटकर 6 प्रतिशत रह गई है। इससे पता चलता है कि गोल्ड लोन अब अधिक व्यापक हो रहा है और इसमें विविध प्रोफ़ाइल वाले लोग शामिल हो रहे हैं।

ट्रांसयूनियन सिबिल के एमडी और सीईओ, भावेश जैन ने कहा कि भारत में सोने का हमेशा से गहरा वित्तीय और सांस्कृतिक महत्व रहा है, लेकिन अब हम सोने के बदले लिए जाने वाले कर्ज के इस्तेमाल में एक बड़ा बदलाव देख रहे हैं। गोल्ड लोन तेजी से सुरक्षित क्रेडिट के एक मुख्यधारा, संगठित और सुलभ माध्यम के रूप में उभर रहे हैं। इनकी तेज़ वृद्धि कर्जदाताओं के भरोसे और उपभोक्ताओं की बढ़ती स्वीकृति, दोनों को दर्शाती है। उन्होंने आगे कहा कि विशेष रूप से ध्यान देने वाली बात यह है कि यह क्षेत्र अब मजबूत क्रेडिट प्रोफाइल वाले उधारकर्ताओं, बड़ी लोन राशि और बार-बार लोन लेने वाले ग्राहकों को आकर्षित कर रहा है। यह इस बात का संकेत है कि गोल्ड लोन का इस्तेमाल अब केवल अल्पकालिक नकदी की जरूरतों के लिए नहीं किया जा रहा, बल्कि यह घरेलू उधारी व्यवहार का एक बड़ा हिस्सा बनता जा रहा है।

**विस्तृत उधारकर्ता आधार से मिल रहा है विस्तार को बल :** महिला उधारकर्ता गोल्ड लोन के विस्तार में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। 2025 में कुल गोल्ड लोन की शुरुआत में महिलाओं की हिस्सेदारी 39त्न रही, जो 2022 में 36त्न थी। यह वृद्धि सिर्फ दक्षिण भारत तक सीमित नहीं है, बल्कि पश्चिमी और उत्तरी राज्यों में भी तेजी से बढ़ रही है। रिपोर्ट के अनुसार, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में महिला उधारकर्ताओं की भागीदारी में खास बढ़त देखी गई है, जो मांग के बढ़ते भौगोलिक विस्तार को दर्शाता है। रिपोर्ट में उधारकर्ताओं के कर्ज लेने के पैटर्न में बदलाव की भी ओर इशारा किया गया है। प्रति उधारकर्ता औसत बकाया राशि दिसंबर 2022 में 1.9 लाख से बढ़कर दिसंबर 2025 में 3.1 लाख हो गई है। वहीं, 2.5 लाख से अधिक के गोल्ड लोन वाले उधारकर्ताओं का हिस्सा 2022 में 10 प्रतिशत से बढ़कर 2025 के अंत तक 14 प्रतिशत हो गया है। इसके अलावा, ऐसे उधारकर्ता जिनके पास पहले से अधिक बकाया लोन है और बिना गारंटी वाले (अनसिक्योर्ड) लोन भी अधिक हैं, उनकी हिस्सेदारी भी बढ़ी है। यह संकेत देता है कि गोल्ड लोन अब उधारकर्ताओं के कुल कर्ज पोर्टफोलियो का एक अहम हिस्सा बनते जा रहे हैं और अन्य प्रकार के लोन के साथ-साथ उपयोग किए जा रहे हैं।

**मजबूत जोखिम अनुशासन के साथ विकास का संतुलन जरूरी :** रिपोर्ट इस बात पर भी जोर देती है कि जैसे-जैसे यह क्षेत्र बढ़ रहा है, उधारकर्ता के स्तर पर जोखिम का बारीकी से मूल्यांकन करना आवश्यक है। अध्ययन के अनुसार, जून 2025 को समाप्त होने वाले छह महीनों में जारी किए गए गोल्ड लोन के लिए भुगतान में चूक की कुल दर (डेलिनक्वेंसी -) 1.1 प्रतिशत रही (यहाँ चूक का मतलब लोन लेने के छह महीने के भीतर 60 दिनों तक भुगतान न करना है)। जिन उधारकर्ताओं का गोल्ड लोन बकाया 2.5 लाख से अधिक था, उनमें चूक की दर 1.5 प्रतिशत देखी गई, जो कम बकाया वाले उधारकर्ताओं (0.7 प्रतिशत) की तुलना में लगभग 2.2 गुना अधिक थी। इसके अतिरिक्त, कुल कर्ज में गोल्ड लोन की अधिक निर्भरता और हालिया चूक, भविष्य के जोखिमों के संकेतक हैं।

रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि जिन उधारकर्ताओं का पिछला रिकॉर्ड खराब रहा है और वे बाद में गोल्ड लोन पर निर्भर होते हैं, उनके औपचारिक ऋष्ण प्रणाली से बाहर होने का जोखिम काफी अधिक होता है। उनके क्रेडिट एक्सेस बंद होने की दर सामान्य उधारकर्ताओं की तुलना में 1.6 गुना अधिक थी। यह बताता है कि संकटग्रस्त उधारकर्ताओं के एक वर्ग के लिए, गोल्ड लोन तेजी से 'अंतिम विकल्प' के रूप में काम कर रहा है। जैन ने आगे कहा कि जैसे-जैसे गोल्ड लोन क्षेत्र का विस्तार हो रहा है, ऋणदाताओं की प्राथमिकता विकास और सावधानी के बीच संतुलन बनाने की होनी चाहिए। कोलैटरल (गिरवी रखा सोना) की मजबूती महत्वपूर्ण है, लेकिन उधारकर्ताओं के मूल्यांकन के लिए यह एकमात्र पैमाना नहीं हो सकता। ऋष्णदाताओं को उधारकर्ता के कुल कर्ज, चुकाने की क्षमता, हालिया क्रेडिट व्यवहार और अन्य संस्थाओं से लिए गए लोन का समग्र रूप से मूल्यांकन करना होगा।

# मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी की सराहना की

**नई दिल्ली | एजेंसी**

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को उत्तराखंड में आयोजित दिल्ली-देहरादून आर्थिक गलियारे के उद्घाटन समारोह में वर्चुअल रूप से भाग लिया और राष्ट्रीय राजधानी को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा किए जा रहे बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के प्रयासों की सराहना की। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

देहरादून में एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा गलियारे को राष्ट्र को समर्पित करने के तुरंत बाद, दिल्ली की मुख्यमंत्री ने शहर की बढ़ती जरूरतों के अनुरूप कई परियोजनाओं का नेतृत्व करने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। नए एक्सप्रेसवे के व्यापक महत्व पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह महज एक सड़क परियोजना नहीं है, बल्कि एक महत्वपूर्ण कड़ी है जो दिल्ली के आधुनिक बुनियादी ढांचे को उत्तराखंड की आध्यात्मिक संस्कृति से जोड़ती है, जिसे अक्सर 'देवभूमि' कहा जाता है।

**M.K. EXIM (INDIA) LIMITED**

CIN: L63040RJ1992PLC007111

Regd. Office: G-1/150, Garment Zone, E.P.I.P., Sitapura, Tonk Road, Jaipur-302022

Phone: +91-141-3937501, 3937500 Fax: - +91-141-3937502

Website: www.mkexim.com Email: mkexim@gmail.com

**NOTICE TO SHAREHOLDERS**

**RE-LAUNCH OF "SAKSHAM NIVESHAK" SECOND 100-DAY CAMPAIGN**

Pursuant to the Investors Education and Protection Fund Authority (IEPFA), letter dated March 27, 2026, the Company has launched a Second 100 Days Campaign – "Saksham Niveshak" starting from April 1, 2026 to July 9, 2026.

The campaign focuses on shareholders whose dividends has remain unclaimed, with an emphasis on KYC updation and related compliance requirements. Shareholders who have unclaimed dividend or have not updated their KYC or any issues related to unclaimed dividends and shares may write to the Company's Registrar and Transfer Agent (RTA) viz, **BEETAL Financial & Computer Services Pvt Ltd.** at their office at BEETAL HOUSE, 3rd Floor, 99, Madangir, Behind LSC, New Delhi, India–110062, or Email: beetalrta@gmail.com, Phone No.: 011-42959000-09, 011-29961281-283, 26051061

Please note that, as per the applicable provisions of the Companies Act, 2013 and Rules made thereunder, dividends remaining unclaimed for seven consecutive years along with the corresponding shares are liable to be transferred to the IEPF.

**For M.K. Exim (India) Limited**
**Sd/-**
**Manish Murlidhar Dialani**
**Managing Director**
**(DIN:05201121)**

**Date: 14.04.2026**
**Place: Jaipur**